# राष्ट्रीय सेवा योजना

## शहीद महेन्द कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर

## "वार्षिक प्रतिवेदन"
## 2021 – 22




राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की शुरुआत गांधी शताब्दी वर्ष में हुई, क्योंकि गांधी जी का कहना था कि देश की सेवा में युवाओं की भागीदारी जरूरी है। वर्तमान समय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 39,695 एनएसएस इकाइयों में 36.5 लाख से अधिक स्वयंसेवी हैं।

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर, जगदलपुर के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की यात्रा

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 20 वर्ष पूर्ण करने के साथ–साथ पर बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छत्तीसगढ़ राज्य) की स्थापना के पश्चात् राज्य के दक्षिणी वनांचल में विस्तृत बस्तर संभाग जिनमें कांकेर, बस्तर, सुकमा, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर एवं कोण्डागांव जिले की भौगोलिक सीमाएं सम्मिलित किया गया है ।

मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर विश्वविद्यालय की स्थापना **01 नवम्बर 2008** को की गई। विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ सत्र 2009–10 से विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की स्थापना** छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। वर्तमान में सात जिलो के लिए पांच जिला संगठक डॉ. आयाशा कुरैशी कांकेर, श्री शशीभूषण कन्नौजे कोण्डागांव, डॉ. दिनेश कुमार चन्द्रा बस्तर, डॉ. बी.डी. चांडक नारायणपुर, श्री सुरेश कुमार नेताम दन्तेवाडा, बीजापुर, सुकमा हेतु नियुक्त हुये है। सात जिलों में स्थित कुल 167 इकाईयों एवं (2021–22) के कुल 15000 से अधिक स्वयं सेवकों द्वारा रासेयो में भागीदारी किया जा रहा है ।

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अन्तर्गत **पांच गोदग्रामों** का चयन किया गया है ।

| क्र. | गोदग्राम के नाम | विकासखण्ड | जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | तितिरगांव | जगदलपुर | बस्तर |
| 2. | आसना | जगदलपुर | बस्तर |
| 3. | डोडरेपाल | बकावण्ड | बस्तर |
| 4. | लोहण्डीगुडा | लेहण्डीगुडा | बस्तर |
| 5. | करंजी | जगदलपुर | बस्तर |
| 6. | घाटपदमूर | जगदलपुर | बस्तर |

## वर्षवार इकाई संख्या एवं पंजीयन

| क्र. | वर्षवार जानकारी | इकाई आबंटन | | | आंबंटित संख्या | वास्तविक पंजीयन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | महा. | विद्या. | संख्या | | पुरूष | महिला | योग |
| | | | | | | | | |
| 1. | 2020–21 | 28 | 139 | 167 | 14200 | 9627 | 6941 | 15562 |

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर, जगदलपुर
## एक नजर में

| राष्ट्रीय सेवा योजना की सामान्य जानकारी | | |
|---|---|---|
| | राज्य | छत्तीसगढ़ |
| | विश्वविद्यालय का नाम | शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर |
| | कार्यक्रम समन्वयक का नाम | डॉ.डी.एल.पटेल |
| | ज्वाईनिंग दिनांक | 15.10.2015 |
| | पार्ट टाईम/फुल टाईम | पार्ट टाईम |
| | वि.वि. में कार्यालय के लिए सहायक स्टॉफ की संख्या | 2 |
| | राज्य सरकार द्वारा आबंटित छात्र संख्या | 14200 |
| | रासेयो स्वयं सेवकों की वास्तविक पंजीयन | 16568 |
| | रासेयो इकाईयों की कुल संख्या | 167 |
| | कुल कार्यक्रम अधिकारियों की संख्या | 167 |
| | प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों की संख्या | 155 |
| | अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों की संख्या | 12 |
| | गोद लिए गांवों की संख्या | 167 |
| **रासेयो में नियमित/विशेष कार्यक्रमों के लिए निधि** | | |
| | नियमित गतिविधि के लिए | |
| | विशेष शिविर के लिए | |

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
# राष्ट्रीय सेवा योजना

## छात्र संख्या, आबंटन, वास्तविक पंजीयन एवं गोदग्राम की जानकारी

भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के माध्यम से विश्वविद्यालय को निम्नानुसार संख्या आबंटित किया है, जिसमें अनु.जनजाति, अनू.जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के आधार पर पंजीयन किया गया है ।

| क्र. | छात्र संख्या | कालेज | स्कूल | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | छात्र / छात्रा | 3000 | 11200 | 14200 |
| 2 | इकाई | 28 | 139 | 167 |

## छात्र/छात्राओं का पंजीयन जातिवार 2021-22

| क्र. | अनु.जाति | अ.जा.जा. | अ.पि.व. | सामान्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 700 (7%) | 7200 (50.7%) | 4200 (27.6%) | 2100 (14.7%) | 14200 |



# विश्वविद्यालय रासेयो द्वारा युवा दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में 12 जनवरी 2022 को युवा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. (प्रो.) एस. के. सिंह माननीय कुलपति महोदय शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, माननीय कुलसचिव डॉ. व्ही. के. पाठक, रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी.एल. पटेल एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारियों व अध्ययनशाला एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया ।




# विश्वविद्यालय रासेयो की इकाइयों द्वारा वृक्षारोपण

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के कुलपति महोदय डॉ. (प्रो.) एस.के.सिंह, बस्तर जिला कलेक्टर श्री रजत बंसल, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के कुलसचिव डॉ. व्ही. के. पाठक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी.एल.पटेल एवं इन्द्रावती नदी बचाओ अभियान के समस्त पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया ।





राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के कुलपति महोदय डॉ. (प्रो.) एस.के.सिंह, कुलसचिव डॉ. व्ही. के. पाठक, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर अध्ययन शाला के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजिवन कुमार भूआर्य एवं एमसीए विभाग के समस्त कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यलय कर्मचारियों की उपस्थिति में 05 जून 2022 को नई विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्य किया गया ।





अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस 05 जून 2022 के अवसर पर भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ.डी.एल.पटेल कार्यक्रम समन्वयक रासेयो शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर एवं प्रोफेसर डॉ. गौर जी ने वृक्षारोपण को लेकर कहा की हमारे सुनहरे भविष्य के लिए पेड़ लगाने की आवश्कता है क्योंकि वनों की कमी के चलते हमारा पर्यावरण में असंतुलन हो रहीं हैं जिससे जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ सम्बधित समस्याओं से सामना करना पड़ रहा है। समस्या निदान के लिए पेड़ लगाने की आवश्यकता है ।






शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम के संरक्षक में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं रासेयो के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने की आवश्यकता है जिससे हमारे पर्यावरण में अवनयन की स्थिति ना हो और संतुलन व अनुकूलन बना रहे। जिला संगठक श्री बी. डी. चांडक ने बताया कि पेड़. पौधे हमारे पृथ्वी के श्रृंगार ही नहीं बल्कि दीर्घ जीवन देने वाले औषधि का अनुपम वरदान है जिसे संरक्षण की आवश्यकता है। कन्या महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री किशोर कुमार कोठारी ने कहा कि आज के आधुनिक युग में पर्यावरण प्रदूषण एक बहुत गंभीर समस्या है। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आइएए पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लें। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुल 18 विभिन्न प्रकार के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अध्यापक अधिकारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।













पीजी कालेज में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मनाया पर्यावरण दिवस

वक्ताओं ने कहा पृथ्वी में 33 प्रतिशत पौधों का होना आवश्यक है

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

पौधारोपण करते हुए एनएसएस के स्वयंसेवक।

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विभिन्न इकाईयों द्वारा पर्यावरण दिवस के अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान में अपना अमूल्य योगदान दिये ।

## विश्वविद्यालय इकाईयों द्वारा रक्तदान 2021-22

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ.डी.एल.पटेल ने कहा कि रक्त दान किसी की जिंदगी बचा सकती है। जैसे– गर्भावस्था और प्रसव से संबंधित रक्तस्राव से पीड़ित महिलाएं, मलेरिया और कुपोषण के कारण एनीमिया से पीड़ित बच्चे, ट्रॉमा, आपात स्थिति, आपदाओं और दुर्घटनाओं के शिकार, और रक्त और बोन मैरो विकार से पीड़ित लोग, हीमोग्लोबिन के वंशानुगत विकार और प्रतिरक्षा–कमी की स्थिति में ब्लड की जरूरत पड़ती है। रक्त दान में जाति धर्म नही देखा जाता है। कोई भी स्वास्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है और इसको लेकर डरना नही चाहिए। उन्होंने कहा कि ये दिन उन लोगों के योगदान का भी सम्मान करता है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में खुद से और बिना पैसे लिए ब्लड डोनेट करते हैं।





# एक दिवसीय योगा अभ्यास कार्यक्रम 2021-22

राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के अकादमिक भवन में आयोजित एवं दिवसीय योगा कार्यक्रम में उपस्थित **प्रो. (डॉ.) एस. के. सिंह** कुलपति, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर, **डॉ. व्ही. के. पाठक** कुलसचिव शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर, **डॉ. मनोज पाणीग्राही** योग प्रशिक्षक एवम् राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति छ. ग., एवं योगाचार्यो की उपस्थिति व **डॉ. डी. एल. पटेल** कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर एवम् विश्वविद्यालय के अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं अध्ययनशाला रासेयो के स्वयं सेवकों की उपस्थिति में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।










# राज्य स्तरीय वर्चुअल योगा फेस्ट कार्यक्रम 2021 का सफल आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय योगा फेस्ट वर्चुअल (14 जून 2021 से 20 जून 2021 तक) योगा फेस्ट शिविर के शुभारंभ अवसर पर हमारे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित **श्री धनंजय देवांगन,** सचिव, उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन, **प्रो. (डॉ.) एस. के. सिंह** कुलपति, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर, **डॉ. समरेंद्र सिंह** राज्य एनएसएस अधिकारी छ. ग. शासन, **डॉ. व्ही. के. पाठक** कुलसचिव शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर, **डॉ. मनोज पाणीग्राही** योग प्रशिक्षक एवम् राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति छ. ग., **श्री इला हरि प्रसाद राव** योग प्रशिक्षक, कार्यक्रम संयोजक **डॉ. डी. एल. पटेल** कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर एवम् समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक व कार्यक्रम अधिकारी एवं सम्मानीयजनों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।






## सात दिवसीय योगा फेस्ट वर्चुअल शिविर का हुआ समापन

**कांकेर.** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय योगा फेस्ट वर्चुअल योगा फेस्ट शिविर समापन 20 जून अवसर पर हमारे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ए.एस. कबीर क्षेत्रीय निदेशक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा योगा फेस्ट कार्यक्रम की मनोबल को बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सम्पूर्ण भारत के लिए लाभप्रद है. योग प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. डी. एल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर की उपस्थिति में समापन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ. शिविर में छ. ग. के समस्त विश्वविद्यालयों से 30 स्वयं सेवक कुल 250 की सहभागिता प्रतिदिन रही. योगा फेस्ट कार्यक्रम के संयोजक श्री डॉ. डी. एल. पटेल जी ने एनएसएस में युवाओं की भूमिकाओं और जीवन मे योग का महत्व को बारीकी से लोगो के जीवन मे उतारते हुए कार्यक्रम की पहलुओं को सभी को लाभान्वित किये. प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक योग के माध्यम से सभी को सारगर्भित बातो का ज्ञान का अनुभव कराये. इस कार्यक्रम में विशेष सहयोगी राघवेंद्र पटेल तकनीकी समन्वयक सहायक प्राध्यापक, शहिद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर का प्रमुख योगदान रहा.

# युवा शक्ति कार्यशाला 9 से 10 दिसम्बर 2021

छ.ग. राज्य में रोजगार के लिए युवाओं को कुशल एवं सशक्त बनाने यूनीसेफ एवं एन.एस.एस. के संयुक्त पहल पर ''युवा शक्ति'' पर विश्वविद्यालय द्वारा 09 एवं 10 दिसम्बर 2021 को 02 दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया उक्त कार्यशाला में बस्तर संभाग के पुलिस महानिदेशक आईपीएस श्री सुन्दरराज पी., बस्तर जिला कलेक्टर श्री रजत बंसल, डॉ. व्ही.के. पाठक, कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, सुश्री नीता बाजपेयी नोडल अधिकारी पंडित रविशंकर यूनिवर्सीटी रायपुर, डॉ.डी.एल.पटेल कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, यूनिसेफ अधिकारी, श्री सैम सुधीर बंडी, जागृति, श्रेया पाण्डेय, अनिरूद्ध, रासेयो जिला संगठक, जिला बस्तर डॉ.दिनेश चन्द्रा, डॉ. श्यामाचरण रासेयो कार्यक्रम अधिकारी शासकीय दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर, श्री दिलीप कुमार शुक्ला, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, क्राईस्ट कालेज, जगदलपुर एवं शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, रासेयो कार्यलय कर्मी देवेन्द्र दुर्गे, हरीश रामटेके व राष्ट्रीय सेवा योजना बस्तर संभाग के सभी कालेजों से आये स्वंय सेवकों की उपस्थिति में 2 दिवसीय ''युवा शक्ति'' का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया ।








# यूनिसेफ एवं एन.एस.एस. का सयूंक्त कार्य आयोजन

**शिक्षा - अध्यापन कार्य -**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, रासेयो इकाईयों के यूनिसेफ (ब्लू ब्रिगेड) द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं स्वंय सेवकों ने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करते हुये बस्तर संभाग के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर दीवाल लेखन कार्य एवं आंगनबाड़ी और स्कूलो में जाकर खेल के माध्यम से अंग्रेजी, गणित एवं भाषा की मूलभूत जानकारी प्रदान की गई तथा बच्चों को चाईल्ड हेल्प लाइन, गुड टच, बैड टच, बाल संरक्षण जैसी विभिन्न जानकारी दिया गया ।












**स्वच्छता अभियान :-**

भारत सरकार के कौशल विकास उद्यमशीलता युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के तहत " स्वच्छ भारत मिशन" के अतंर्गत महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार रूप देने समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाईयों द्वारा स्वच्छ भारत के अंतर्गत पूरे गांव, देश को सफाई करने हेतु शपथ ली गयी । विशेष शिविर का थीम भी "स्वच्छ भारत के युवा" रखा गया । सभी शिविरों में स्वच्छता के लिए जागरूकता रैली, पोस्टर, बैनर, कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता फैलायी गयी । स्वच्छता अभियान अंतर्गत गांवों में

शौचालय निर्माण हेतु शिविर आयोजित किये गये तथा गांवों को खुले से शौच मुक्त ग्राम बनाने हेतु पहल किया गया ।





**शौचालय निर्माण :-**

कांकेर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिदेसर ने सात दिवसीय विशेष शिविर ढेकुना जनपद पंचायत नरहरपुर में लगाया । स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बनते इकाई ने ग्राम पंचायत के सहयोग से रिकार्ड 48 शौचालयों का निर्माण किया । स्वच्छता के लिए युवा थीम पर आयोजित शिविर में स्वयं सेवकों के द्वारा विशाल सांस्कृतिक मंच निर्माण, चबुतरा निर्माण, गांव में साफ–सफाई, कच्छी नालियों का निर्माण, खेल मैदान तथा स्कूल प्रांगण का समतलीकरण, देवगुडी की सफाई शौचालय हेतु ईट, रेत, की ढुलाई तालाब की सफझई सोखता गड्डा, खुले में शौच मुक्त गांव हेतु सर्वे आदि विभिन्न मुद्दों पर जन जागरूकता फैलाई ।

**पॉलीथीन मुक्त हेतु शपथ :-**

पॉलीथीन से होने वाली समस्याओं तथा प्रकृति को होने वाले खतरों से निजात पाने के लिए राज्य के समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा पॉलीथीन उपयोग न करने की शपथ ली गयी तथा लोगों को भी इससे होने वाले हानि से रैली, नाटक, पोस्टर, बैनर आदि माध्यमों से अवगत कराया गया ।



# राष्ट्रीय सेवा योजना में विशेष शिविर का आयोजन

**विशेष शिविरों का आयोजन :-**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों का विशेष शिविरों का आयोजन उत्साह के साथ आयोजित कि जाती है एवं सफलता पूर्वक क्रियान्वयन हेतु स्वयं सेवकों के माध्यम से जागरूकता हेतु निरंतर सराहनिय पहल की जाती है।










# विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर

**दिनांक - 08.03.2022 से 14.03.2022**

शहीद महेन्द्र कर्मा वि.वि. के नए कैम्पस में विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है । जिसकी शुरुआत 8 मार्च 2022 से 14 मार्च 2022 को हुई इस शिविर में शामिल होने के लिए संभाग भर से एनएसएस के 200 वॉलेंटियर पहुंचे शिविर के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस.के. सिंह ने कहा यह नए कैंपस में पहला आयोजन है। इस तरह यह आयोजन वि.वि. के इतिहास में दर्ज हो गया है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे अनुशासन को प्राथमिकता में रखते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास इस शिविर के माध्यम से कर सकते है । उन्होने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का उत्कृष्ट माध्यम है ।

कार्यक्रम को वि.वि. के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार पाठक ने भी संबोधित किया और उन्होने व्यक्तित्व विकास और शिविर के आयोजन के उद्देश्य पर अपनी बात रखी ।

इस कार्यक्रम में गोदग्राम घाटपदमुर के सरपंच लखीधर बघेल ने गांव को वि. वि. द्वारा गोद लिए जाने पर आभार माना और कहा की पंचायत वि.वि. का हमेशा हर संभव सहयोग करेगा ।

इस दौरान रासेयो के समन्वयक डॉ. डीएल पटेल ने प्रशिक्षण के आयोजन संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे वि.वि. अध्ययन शाला से रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजीवन कुमार ने छात्रों से शिविर के दौरान अनुशासित रहते हुए व्यक्तित्व विकास की जानकारियां एवं अनुशासन को प्राथमिकता में रखते उन्होंने आत्मसात करने कहा।







कुलपति बोले | नए कैंपस का यह पहला आयोजन इतिहास में हुआ दर्ज

## बस्तर विवि के नए कैंपस में एनएसएस शिविर शुरू, संभागभर से पहुंचे वॉलेंटियर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जगदलपुर . शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय (बस्तर विवि) के नए कैंपस में मंगलवार को विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस शिविर की शुरुआत हुई। 8 से 14 मार्च तक चलने वाले इस शिविर में शामिल होने के लिए संभागभर से 200 से ज्यादा वॉलेंटियर पहुंचे हुए हैं। शिविर के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रो. डॉ. एसके सिंह ने कहा कि यह नए कैंपस में पहला आयोजन है।

इस तरह यह आयोजन विवि के इतिहास में दर्ज हो गया है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे अनुशासन को प्राथमिकता में रखते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास इस शिविर के माध्यम से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस व्यक्तित्व विकास का उत्कृष्ट माध्यम है। कार्यक्रम को विवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार पाठक ने भी संबोधित किया और उन्होंने व्यक्तित्व विकास और शिविर के आयोजन के उद्देश्य पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में घाटपदमूर पंचायत के सरपंच लखीधर बघेल ने गांव को विवि द्वारा गोद लिए जाने पर आभार माना और कहा कि पंचायत विवि का हमेशा हर संभव सहयोग करेगा।

इस दौरान रासेयो के समन्वयक डॉ. डीएल पटेल ने प्रशिक्षण के आयोजन संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे विवि अध्ययनशाला से रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजीवन कुमार ने छात्रों से शिविर के दौरान अनुशासित रहते हुए व्यक्तित्व विकास की जानकारियों को आत्मसात करने कहा।







शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय के न्यू एम. बी. ए. भवन में आयोजित विश्व विद्यालय स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम 14.03.2022 में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय के सम्माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) एस.के. सिंह, सम्माननीय राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. व्ही. के. पाठक कुलसचिव, डॉ. टोमी मैथ्यु प्राचार्य क्राइस्ट कालेज तथा इस कार्यक्रम के आयोजक रासेयो कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय डॉ. डी. एल. पटेल सर आज के कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

आज के समापन कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के हाथो से बरगद का पौधा लगा कर किया गया और संदेश दिया गया पौधा रोपड़ का मंच का संचालन कर रहे विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजीवान कुमार आज कार्यक्रम में डॉ. समरेंद्र सिंह ने कैंप की सराहना की कैंप में स्वयं सेवकों द्वारा बनवाई गई घोटुल की प्रसंशा की कहा घोटूल हमें जीवन जीने की सीख देती है और हमें संस्कृति से जोड़ के रखती है बस्तर की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है।

कुलपति महोदय ने इस कैम्प की सभी गतिविधि का उल्लेख किया जिसमें योगा, पी.टी. परेड बौद्धिक परिचर्चा और सांस्कृतिक रैली का भी और इस मंच का नामकरण स्वामि विवेकानन्द हाल के रूप में किया !

इस मंच में मुख्य अतिथियों के सम्मुख बस्तर की संस्कृति और सुंदरता को सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से दिखाया गया महादल नायक मयंक बागची एवं प्रेमजीत इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया । इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए एन.एस.एस. के अन्य कार्यक्रम अधिकारी रहे श्री विजय चंद्राकर, विनोद कुमार शुक्ला, श्री श्यामाचरण, पी के. मरावी, श्रीमती किरण उइके, सुश्री रूपा यादव आदि इस एनएसएस कार्यालय स्टाफ श्री देवेन्द्र कुमार दुर्गे एवं हरीश कुमार रामटेके, आयुशी जायसवाल, नितिन मेश्राम और सभी दलों के दल नायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यकम का समापन छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत और राष्ट्र गान के साथ हुआ ।











**उपदेश:** एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह बोले

# बस्तर के महत्व को समझें और झिझक दूर कर युवा व्यक्तित्व के विकास में जुट जाएं

### समापन कार्यक्रम में वॉलेंटियरों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बंटोरी तालियां

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com





सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते स्वयंसेवक।

जगदलपुर . शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय (बस्तर विवि) में 8 मार्च शुरू हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के संभाग स्तरीय शिविर का समापन सोमवार को हुआ। इस मौके पर बतौर अतिथि एनएसएस के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह, कुलपति प्रो. डॉ. एसके सिंह, कुलसचिव डॉ. वीके पाठक, क्राईस्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. टॉमी मैथ्यू मौजूद थे। इस मौके पर वॉलेंटियरों को संबोधित करते हुए डॉ. समरेंद्र सिंह ने कहा कि बस्तर बेहद खूबसूरत है।

यहां की समृद्ध संस्कृति हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। बस्तर की विशेषताओं को युवाओं को जानना होगा और अपने भीतर की झिझक को खत्म करते हुए व्यक्तित्व का विकास करना होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि मुझे उमीद है कि आप सभी ने इस सात दिवसीय शिविर का भरपूर लाभ लिया होगा। आप अब यहां से जा रहे हैं तो समाज में यह सोचकर जाएं कि आपके माध्यम से समाज में किस तरह से सकारात्मक बदलाव आएगा।

अपने गांव, शहर के लिए ऐसे काम करें कि बदलाव नजर आए। उन्होंने सभी वॉलेंटियरों को शिविर में शामिल होने की बधाई दी। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीके पाठक ने भी संबोधित किया और कहा कि जब विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में शिविर शुरू नहीं हुआ था तो कैंपस की स्थिति अलग थी और आज कैंपस वॉलेंटियरों की मेहनत की वजह से पूरी तरह से बदल चुका है। इसके लिए मैं सभी वॉलेंटियरों को धन्यावाद कहना चाहूंगा। वे इसी तरह से अपने काम के माध्यम से बदलाव लाते रहें।

कार्यक्रम के दौरान वॉलेंटियरों ने बस्तर और छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति से जुड़ी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बंटोरी। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्यक्रम अधिकारियों और वॉलेंटियरों का सम्मान भी विश्वविद्यालय की तरफ से किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय अध्ययनशाला से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजीवन कुमार ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल ने किया। इस मौके पर अलग-अलग महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी और विवि के प्राध्यापकगण व कर्मचारी मौजूद थे।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों को करें आत्मसात

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एसके सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति होने तक मत रुको। डॉ. सिंह ने कहा कि स्वामी जी का यह कथन समाज में क्रांति लाने वाला था और आज भी प्रासंगिक है। भारत की आबादी में सबसे ज्यादा युवा हैं। युवाओं को समझना होगा कि वे किस तरह से स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करके समाज में बदलाव ला सकते हैं। समाज तभी बदल सकता है जब युवा बदलेगा। युवाओं को अपने दायित्व समझने होंगे। डॉ. सिंह ने सभी वॉलेंटियरों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं आशा करता हूं कि आपने सात दिनों में यहां जो सीखा होगा उसे अपने जीवन में उताकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।



प्रो. डॉ. एसके सिंह

### वॉलेंटियर बोले- शिविर में सात दिन तक जो जाना उससे हमारे भीतर आया बदलाव



अरविंद सिंह



डिंपल बघेल



आयुषी जायसवाल



विकास मुंडा

शिविर में शामिल होने के लिए भैरमगढ़ से पहुंचे विकास मुंडा ने कहा कि शिविर से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और वे यहां से जाने के बाद कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित हुए हैं। इसी क्रम में बस्तर विश्वविद्यालय के छात्र और वॉलेंटियर अरविंद सिंह राजपूत ने कहा कि शिविर के माध्यम से हमें अनुशासित रहने का मंत्र मिला। किस तरह से अनुशासित रहकर समाज को नई दिशा दे सकते हैं। डिंपल बघेल और आयुषी जायसवाल ने कहा कि शिविर ने हमारे व्यक्तित्व में विकास लाने का काम किया है। शिविर में आने विषय विशेषज्ञों ने हमारी कई जिज्ञासाओं को शांत किया।

**योग शिविर** :- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न इकाईयों द्वारा 21 जून योग दिवस की पूर्व तैयारी हेतु घर–घर जाकर योग के संबंध जागरूकता हेतु प्रयास किया गया रासेयो अधिकारियों/कर्मचारियों एवं स्वयं सेवकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।









## दंतेश्वरी महाविद्यालय के छात्रों ने योग दिवस के लिए निकाली जागरूकता रैली

भास्कर न्यूज़ | गीदम

योग दिवस के लिए जनजागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले सोमवार की सुबह शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत महाविद्यालय रासेयो इकाई ने आजादी के अमृत महोत्सव और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली के माध्यम से रासेयो के स्वयंसेवकों ने हर घर योग का संकल्प लिया।

रैली महाविद्यालय से मुख्य सड़क से होते हुए ग्राम चितालंका तक निकाली गई। रैली का शुभारंभ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्राध्यापक डॉ आरके हिरकिने ने बताया कि योग द्वारा स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है और स्वस्थ जीवन ही एक प्रगतिशील समाज का आधार है। कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना व रैली के संयोजक सहायक प्राध्यापक पीरी ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि योग वर्तमान में युवा कौशल के लिए आवश्यक है। योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक तकलीफों को भी दूर किया जा सकता है। इस रैली में करें योग, रहें निरोग के नारे लगाए गए। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक गण, महाविद्यालयीन स्टाफ व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं शामिल रहे।








# नियमित गतिविधि के अन्तर्गत सफाई अभियान

रा.से.यो. के छात्र/छात्राओं द्वारा सफाई अभियान कर दिया स्वच्छता का संदेश एवं विश्वविद्यालय के समस्त इकाईयों द्वारा स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया ।





# रासयो द्वारा राष्ट्रीय एवं जिला स्तर पर भागीदारी

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय एवं जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड, पूर्व गणतंत्र दिवस परेड, नेशनल यूथ फेस्टिवल एण्ड एक्सचेंज, मेगा कैम्प, राष्ट्रीय एकता शिविर सुरक्षित पारा सुरक्षित लइका एवं बाल मेला, कार्यशाला जैसे आयोजनों में अपनी सहभागिता सफलतापूर्वक दी है। स्वयंसेवक छात्र/छात्राओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही ।

**प्रीआरडीसी (पूर्व गणतंत्र दिवस परेड) में शामिल छात्र-छात्राऐं -**

| क्र. | प्रतिभागी छात्र का नाम | वर्ष | संस्था का नाम | शिविर स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजित सिन्हा | 2020 – 21 | शा.महाविद्यालय, कोण्डागांव | आगरा |
| 2. | सौरभ कुमेटी | | शास.महाविद्यालय, कांकेर | |
| 3. | चन्द्रिका | | टी.बी.एस.म.वि. नरहरपुर | |
| 4. | लेख प्रकाश नाग | 2021 – 22 | शास.महाविद्यालय, कांकेर | पटना |
| 5. | साधना मरकाम | | शा.महाविद्यालय, कोण्डागांव | |





# राष्ट्रीय शिविर में भागीदारी

राष्ट्रीय एकता शिविर दिनांक 21 मई से 27 मई 2022 तक श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम अम्लेश्वर में सम्मिलित 06 स्वयं सेवक ।

| क्र. | छात्र/छात्रा का नाम | विद्यालय/महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | राजकुमार कुलदीप | शास.पी.जी. महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर |
| 2. | नीतिश कुमार सेन | ठा.भा. कला एवं विज्ञान महा. नरहरपुर |
| 3. | लालचंद चालकी | शास.पी.जी. महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर |
| 4. | निधि नेताम | शास.पी.जी. महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर |
| 5. | कनिष्का राजपुत | शास.पी.जी. महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर |
| 6. | वंदना नेताम | ठा.भा. कला एवं विज्ञान महा. नरहरपुर |

**आयोजनः** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के छात्र हुए शामिल

## राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों ने बढ़ाया बस्तर का मान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भानुप्रतापपुर.** राष्ट्रीय एकता शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बस्तर का मान बढ़ाया है। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर 21 से 27 मई तक रामचंद्र मिशन योगाश्रम अमलेश्वर रायपुर में किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की संगठन व्यवस्था में कार्यक्रम किया गया।

महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भूमिराज पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कनिष्का राजपूत, निधि नेताम, राजकुमार कुलदीप, लालचंद चालकी को राष्ट्रीय एकता शिविर में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया। लोक नृत्य पंथी में प्रथम स्थान एवं नुक्कड़ नाटक में द्वितीय स्थान प्राप्त किए। बस्तर विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी.एल पटेल ने बताया कि शिविर का मूल उद्देश्य अनेकता में एकता को प्रदर्शित करते हुए एक राज्य से दूसरे राज्य की संस्कृति को जानना है। शिविर में 12 राज्य



राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड एवं तमिलनाडु के लगभग 200 कार्यक्रम अधिकारी स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। राज्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक नीता बाजपेयी के कुशल मार्गदर्शन में शिविर हुआ। जिसमें डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक महासमुंद के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को सिरपुर भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय का मान बढ़ाने के लिए रमेश कुमार दर्रो, श्यामानंद डेहरिया, डीएल बड़ाई, कमल किशोर प्रधान, रितेश कुमार नाग, मनीष ठाकुर, नसीम अहमद, मंसूरी सुषमा चालकी, नंदिनी कश्यप, श्रीदाम ढाली सभी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनएसएस पूर्व दल नायक टूपेश कोसमा, दिलीप महेंद्र, देवेंद्र हितेश ने महाविद्यालय परिवार से एसके यादव, प्रवीण ठाकुर, प्रदीप बनकर, दीपक यादव , दिलीप रामटेके, बाबूलाल कोठारी, नेमीचंद देवनाथ, गोविंद मंडावी, रविंद्र कोर्राम, तुलाराम साहू, नारायण साहू, प्रमोद साहू सभी ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



राष्ट्रीय एकता शिविर दिनांक 03 जून से 09 जून 2022 तक स्थान - बरहमपुर विश्वविद्यालय परिसर उडिसा में सम्मिलित 10 स्वयं सेवक एवं 01 कार्यक्रम अधिकारी।

| क्र. | छात्र/छात्रा का नाम | क्र. | छात्र/छात्रा/कार्यक्रम अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | मयंक बागची | 7. | कावेरी दर्रो |
| 2. | अरविन्द सिंह | 8. | निलिमा शोरी |
| 3. | प्रेमजीत निराला | 9. | गनेश्वरी सलाम |
| 4. | नितिन कुमार मेश्राम | 10. | सोनिया गावडे |
| 5. | अविनाश सोनी | 11. | अल्का केरकेटट्ा (कार्यक्रम अधिकारी) |
| 6. | विनिता तेता | | |




# ओडिशा में आयोजित एनएसएस शिविर के लिए रवाना हुए बस्तर विवि के छात्र



अमन पथ न्यूज

जगदलपुर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय (बस्तर विवि) के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के पांच स्वयं सेवक और भानुप्रताप देव पीजी कॉलेज कांकेर के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई की पांच स्वयं सेविकाओं का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। यह सात दिवसीय शिविर बरहमपुर विश्वविद्यालय परिषद ओडिशा में 3 जून से 9 जून तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में बस्तर विवि से मयंक बागची, अरविंद सिंह राजपूत, प्रेमजीत निराला, नितिन मेश्राम एवं अविनाश कुमार सोनी शामिल होंगे। भानुप्रताप देव पीजी कॉलेज से कार्यक्रम अधिकारी अलका केरकेट्टा के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवक राज्य का प्रतिनिधित्व करते शिविर में हिस्सा लेंगे। शिविर में स्वयंसेवक राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में जानेंगे।

स्वयंसेवकों को गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसके सिंह, कुलसचिव डॉ. वीके. पाठक, बस्तर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजीवन कुमार समेत वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं अन्य स्टॉफ ने विश्वविद्यालय परिसर से विदा करते हुए शुभकामनाएं दी।








# राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर

''ग्रामीण विकास के लिए''

**दिनांक 26 फरवरी 2022 से 04 मार्च 2022 स्थान - श्री रामचंद्र मिशन आश्रम, अमलेश्वर, जिला दुर्ग**

राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर अम्लेश्वर, जिला – दुर्ग में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह, रायपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था । शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों को सफल क्रियान्वयन हेतु शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ.डी.एल. पटेल ने समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं स्वयं सेवकों को विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिये ।













# स्वच्छता कार्य योजना 2021-22

## 1 दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला

## “स्वच्छ – भारत, स्वस्थ – मानस”

## 08 अप्रेल 2022

भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेषालय, भोपाल के निर्देषानुसार राज्य एन.एस.एस. अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेषानुसार दिनांक 08 अप्रेल 2022 को शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में 01 दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता कार्य योजना 2021–22 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में तीन प्रमुख सत्रों में निम्नानुसार गतिविधियॉ सम्पन्न हुई–

**स्वच्छता रैली-**

प्रातः 09 से 10 बजे तक विश्वविद्यालय के गोदग्राम घाटपदमूर में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली को विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ.विनोद कुमार पाठक द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के अतिरिक्त महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के 250 से अधिक स्वयंसेवक, कार्यक्रम अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, युवा मण्डल के सदस्य, स्व–सहायता समूह के सदस्यों 50 से अधिक स्थानीय लोगों की भागीदारी रही। ग्राम के चौक–चौराहों में नुक्कड़, नारों, उद्बोधन के माध्यम से स्वच्छता संदेश देने का सफल प्रयास किया गया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रवेशकर विद्यालयीन छात्र–छात्राओं, शिक्षकों के साथ स्वच्छता गीत गाया गया। उपस्थित समस्त लोगों को सरपंच श्री बघेल जी की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.डी.एल.पटेल द्वारा संकल्प दिलाया गया।

**सोशल मीडिया प्रशिक्षण -**

द्वितीय सत्र 11.00 से 01.30 तक सोशल मीडिया का वर्तमान में महत्व एवं प्रासंगिकता विषय पर श्री आकाश मिश्रा सहायक प्राध्यापक पत्रकारिता शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। अप्रशिक्षित एवं उपयोग न करने वाले 50 से अधिक स्वयं सेवकों का तत्काल सोशल मीडिया एकाउंट खोला गया।

**सोशल मीडिया प्लेटफार्म -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Twitter | : @NSSRDBhopal | @askabir_ | @nssrdB |
| Instagram | : @nssrdbhopal | @askabir_ | |
| Facebook | : @nsschhattisgarh | @askabirpage | |

पर सोशल मीडिया हैंडल्स से जोड़कर फॉलो/लाईक/टैग कराया गया। प्रशिक्षण के दरम्यान स्वयं सेवकों को अपने इकाईयों में सम्पन्न गतिविधियों को भी अनिवार्य रूप से टैग शेयर करने के निर्देश दिये गये। आदिवसी बहुल बस्तर अंचल के स्वयं सेवकों ने काफी उत्साह से इस नयी तकनीक का भरपूर उपयोग किया।

**स्वच्छ नगर बनाने में योगदान -**

तृतीय सत्र 2.30 से 3.30 तक स्थानीय स्वच्छता परचर्चा की गई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में सम्पूर्ण देश में जगदलपुर नगर प्रथम स्थान पर चल रहा है। मुख्य प्रतिस्पर्धा विशाखापटनम नगर से प्राप्त हो रहा है। कार्यशाला में तृतीय सत्र में ''स्वच्छता चैम्पियन एम्बेसडर'' जगदलपुर की टीम का आगमन हुआ। श्री विधु शेखर झा, श्री कोटेश्वर नायडू, प्रो. राजीव निगम ने भी स्वच्छता एवं सोशल मीडिया की जानकारी दी एवं लाईक, कमेंट, शेयर, ट्वीट, रीट्वीट का पूरा प्रशिक्षण दिया। स्वच्छता गीत, स्लोगन के माध्यम से उक्त टीम द्वारा स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया गया। ग्रुपवार वीडियो बाईट बनाकर फोटोग्राफी भी की गयी।

समापन अवसर पर डॉ. डी. एल. पटेल द्वारा ग्रीष्म कालीन कार्य योजना ''स्वच्छता के साथ वृक्षारोपण, स्वच्छता के साथ योगाभ्यास'' की जानकारी दी गयी। ''स्वच्छता चैम्पियन एम्बेसडर '' श्री विधु शेखर झा द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।













# साइकिल रैली - 2022

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 03 जून 2022 को विश्वविद्यालय के समस्त इकाई द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर उद्बोधन, रैली, नुक्कड़ नाटक के आयोजन के माध्यम से जागरूकता रैली निकाल कर दिया संदेश






## जैतपुरी के एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली फिट इंडिया फ्रीडम राइडर साइकिल रैली

कोण्डागांव 04 जून (हाईवे चैनल)। पर्यावरण बचाने जैतपुरी के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विश्व सायकल दिवस पर फिट इंडिया फ्रीडम राइडर साइकिल रैली निकालकर ग्रामीणजनों में जागरूकता लाने का प्रयास करते हुए स्वस्थ तन, स्वस्थ मन का संदेश दिया गया। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय संस्कृति मंत्रालय राज्य एनएसएस अधिकारी के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत शुक्रवार 3 जून को विश्व सायकल दिवस के अवसर प्राचार्य राजकुमार रामटेके के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते जागरूकता रैली निकाली गई, जो ग्राम जैतपुरी का भ्रमण कर स्कूल परिसर में समाप्त हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने फिट इंडिया फ्रीडम फाइटर सायकल रैली निकालकर, स्वास्थ्य रक्षा, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना बृजेश तिवारी ने सायकल चलाने से होने वाले लाभों से स्वयं सेवकों को परिचित कराया। सायकल चलाने से पेट्रोल की बचत तो होती ही है साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण भी होता है, सायकल चलाने से ब्रेन भी 15 से 20 प्रतिषत अधिक तेजी से काम करता है, शारीरिक दर्द से भी छुटकारा मिलता है, इम्युनिटी सिस्टम भी मजबूत होता है। विश्व सायकल दिवस मनाने की शुरुआत में यूनाइटेड जनरल असेंबली द्वारा 2018 में की गई थी। विश्व सायकल दिवस पर आयोजित सायकल रैली में एनएसएस के स्वयंसेवक सहित शिक्षक सुखदेव मरकाम का विशेष सहयोग रहा।



## आजादी के अमृत महोत्सव पर शासकीय महाविद्यालय में सायकल रैली का आयोजन

अमन पथ न्यूज

नारायणपुर। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव 75 वर्ष पूर्ण होने के 3 जून को विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन कोविड दिशा निर्देशों का पालन करते हुए किया गया । कार्यक्रम में लोगों को स्वास्थ्य जीवन एवं सेहतमंद भविष्य के लिए जागरूकता का संदेश देते हुए रैली निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने खुद को समाज व देश के लिए स्वस्थ भविष्य का निर्माण करने फिट इंडिया फ्रीडम राइडर को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साइकिल रैली निकालकर लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण तैयार करने हेतु संदेश दिया गया। इस जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर से शहीद देवनाथ पुजारी चौक तक किया गया। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) श्री बी. डी. चांडक ने साइकिल दिवस का मुख्य उद्देश्य एवं साइकलिंग के फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से मांसपेशियों की ताकत और लचीलेपन में वृद्धि होने के साथ-साथ तनाव को कम करने में भी सहायता मिलती है। कोरोना महामारी आने के बाद से लोगों के बीच अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ी है। कन्या महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री किशोर कुमार कोठारी ने कहा कि साइकिल चलाना केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है, यह बेहतर एक्सरसाइज है। यह हृदय रक्त कोशिकाओं और फेफड़ों को स्वस्थ रखने में मदद करती है, रोजाना आधा घंटा साइकिल चलाने से पेट की चर्बी कम होती है और फिटनेस बरकरार रहती है, शरीर की मांसपेशियों को हेल्दी और मजबूत बनाती है, साइकिल चलाने से इम्यून सिस्टम ठीक तरीके से काम करता है, थकान की वजह से अच्छी नींद लाने में मदद करती है, तनाव के स्तर और डिप्रेशन को भी कम करती है, साइकिलिंग करके एक्स्ट्रा कैलोरी को बहुत ही आसानी से बर्न किया जा सकता है। स्वास्थ्य के साथ-साथ साइकिल आपके पैसे बचाने का काम भी करती है। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने साइकिल रैली के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दिए।








# विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियां




राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस 2021 –22, रायपुर






रासेयो स्वयं सेवक रक्तदान करते हुये

योग को लेकर नारा लेखन करते हुये




नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम, जगदलपुर ।












माननीय कुलपति महोदय शहीद महेन्द्र कर्मा, बस्तर, जगदलपुर की अध्यक्षता में नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा आयोजित स्वच्छत भारत अभियान विश्वविद्यालय परिसर में ।

Thank You !